मुख्यालय

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

Employees' State Insurance Corporation

पंचदीप भवन, नई दिल्ली–110002

संख्याःई–13/12/09/2018–जन. दिनांकः 15.07.2018

प्रेस विज्ञप्ति

ई एस आई सी अस्पताल, बुटीबोरी, नागपुर (महाराष्ट्र) का दिनांक 15.07.2018 को शिलान्यास संपन्न।

माननीय **श्री देवेन्द्र फडणवीस**, मुख्यमंत्री महाराष्ट्र, माननीय **श्री नितिन गडकरी**, सड़क परिवहन एंव राजमार्ग, पोत परिवहन एवं जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री, भारत सरकार एवं माननीय **श्री संतोष कुमार गंगवार**, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार द्वारा **आज दिनांकः 15 जुलाई 2018 को 200 बिस्तरों वाले ई एस आई सी अस्पताल, बुटीबोरी, नागपुर (महाराष्ट्र)** का शिलान्यास किया गया ।

श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि बुटीबोरी, नागपुर स्थित ई एस आई सी अस्पताल बीमित व्यक्तियों तथा उनके परिवार के सदस्यों की चिकित्सा जरूरतों को पूरा करेगा। यह अस्पताल 05 एकड भूमि के 30,000 वर्गमीटर में 175 करोड़ की लागत से निर्माण किया जायेगा। इस अस्पताल से नागपुर व आसपास के बीमित व्यक्तियों व उनके आश्रितजनों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएगी। यह अस्पताल बीमित व्यक्तियों व उनके परिवारजनों के लिए एक वरदान साबित होगा। इस अस्पताल के निर्माण के बाद इसमें आपातकालीन, मॉडूलर ऑपरेशन थियेटर, ओ0पी0डी0, वार्ड, आई0सी0यू0, सी0टी0स्कैन, एम0आर0आई0/रेडियो डायगोनिसटिक एवं डायलिसिस इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध रहेगी । कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारियों के लिए दृढ़ संकल्पित है। माननीय मंत्री ने इस अस्पताल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। इस सुअवसर पर मंत्री महोदय ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू की गई कई श्रमपरक पहल एवं कल्याणकारी योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराया ।

इस अवसर पर **श्री नितिन गडकरी**, माननीय सड़क परिवहन एंव राजमार्ग, पोत परिवहन एवं जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री, भारत सरकार ने कहा कि ई एस आई सी का यह अस्पताल नागपुर के बीमित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों के सदस्यों की स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि क0रा0बी0 निगम देश के अंदर सक्रिय रूप से सही दिशा में कार्य कर रही है।

माननीय **श्री देवेन्द्र फडणवीस**, मुख्यमंत्री महाराष्ट्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 200 बेड वाले ई एस आई अस्पताल, बुटीबोरी नागपुर से बीमित व्यक्ति एवं उनके परिवारों के सदस्यों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने माननीय नितिन गडकरी व श्री संतोष कुमार गंगवार जी को इसके लिए धन्यवाद दिया । साथ ही, माननीय मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा सभी संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

इस सुअवसर पर **श्री चन्द्रशेखर कृष्णराव बावनकुले**, माननीय उ र्जा, नवीन एवं नवीकरणीय उ र्जा, राज्य उत्पाद शुल्क राज्य मंत्री, महाराष्ट्र सरकार तथा अभिभावक मंत्री, जिला–नागपुर,**डॉ. विकास महात्मे,** माननीय सांसद, राज्य सभा, **श्री कृपाल तुमाने**, माननीय सांसद, लोकसभा, **श्रीमति .निशा सावरकर,** माननीय अध्यक्षा, जिला परिषद्, नागपुर, **श्री समीर मेघे**, माननीय विधायक, बुटीबोरी, **डा. आर. के. कटारिया**, चिकित्सा आयुक्त एवं श्रम व रोजगार मंत्रालय / ई एस आई सी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

भारत में कर्मचारी राज्य बीमा निगम

कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारियों को रोजगार के दौरान लगी चोट, बीमारी, मृत्यु, निशक्तता आदि जैसे हालातों में नगद हितलाभ तथा उचित चिकित्सा सुविधा जैसी व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन है। क रा बी योजना उन कारखानों एवं प्रतिष्ठानों में लागू हैं, जहॉ 10 या उससे अधिक व्यक्ति नियोजित हैं। उपर्युक्त श्रेणियों के कारखानों एवं प्रतिष्ठानों के कर्मचारी जो रूपये 21,000/– तक प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे है, वे क रा बी अधिनियम के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा व्याप्ति एवं अन्य हितलाभ पाने के हकदार है। पूरे देश में 8.98 लाख कारखानों एवं प्रतिष्ठानों में क रा बी योजना लागू है, जिससे कामगारों के लगभग 3.19 करोड़ परिवार एकको के हितलाभ मिल रहे हैं। परिणामस्वरूप क रा बी योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 12.40 करोड़ से अधिक हो गई है। सन 1952 में अपनी शुरूआत से क रा बी निगम अब तक 154 अस्पतालों, 1489/174 औषधालयों/आइएसएम एकको, 815 शाखा/भुगतान कार्यालयों एवं 63 क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना कर चुका है।